तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 14 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 दो विभागों के बीच फंसी है इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली मुख्य सड़क



## खबर संक्षेप

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में चयन के लिए परीक्षा 16 को

**जांजगीर-चांपा।** निःशुल्क आवासीय कोचिंग पाठ्यक्रम में चयन के लिए 15 मई शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में परीक्षा आयोजित की गई है। प्रवेश परीक्षा एवं प्रावीण्यता के आधार पर चयन उपरांत दो वर्ष की आवासीय कोचिंग पूर्णतः निःशुल्क है। आकांक्षा में प्रवेश हेतु परीक्षा पूरी तरह निशुल्क है । जिसके लिए निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदको को प्रवेश पत्र जारी किया जाकर वितरण किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा उपरांत प्रावीण्यता के आधार पर चयन सूची जारी की जाएगी। किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है।

### मोटर साइकिल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** बाइक की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी अश्वनी कुमार चंद्रा ने 19 फरवरी को जैजैपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सीएचसी मालखरौदा में महतारी एक्सप्रेस मे वाहन चालक के पद पर पदस्थ था। इसी दौरान 18 फरवरी को अपनी बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 11 एक्यू 3999 को अस्पताल परिसर में रखा था। वापस आने पर बाइक गायब थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई। पुलिस से 13 मई को सचिन कुमार एवं राजेश नाग को कोरबा से पकड़ कर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया।

## 10 नई क्रांति पर कार्यशाला में विस्तार से दी गई जानकारी

# रजिस्ट्री के बाद स्वतः होगा नामांतरण, अलग से नहीं करनी पड़ेगी और कोई प्रक्रिया

### खनिज विकास निगम अध्यक्ष के साथ सांसद, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स और अफसरों ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः होगी। इसके लिए अब कोई अलग से प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बहुत अच्छी नीती लाई है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री की 10 क्रातियों से आमजनों एवं किसानों को लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामंतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के नेतृत्व में रजिस्ट्री में की गई 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डीजीलॉकर में सारे दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामतंरण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इसके संबंध में सुझाव भी दिए। विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत अच्छी पहल है। नागरिकों को अब नामंतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यशाला में 10 क्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, राजकुमार साहू, श्रीमती मोहनमति साहू, महादेव नेताम, सुश्री आशा साव, श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, इंजी. रवि पांडेय, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेते अफसर।

### ये है रजिस्ट्री की 10 क्रांतिकारी पहल

- फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन
- रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड की सुविधा
- ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा
- स्टांप एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान
- व्हाट्सएप सर्विसेज
- डिजीलॉकर की सुविधा
- रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण
- घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण
- घर बैठे रजिस्ट्री
- रजिस्ट्री के साथ होगा स्वतः नामांतरण
- रजिस्ट्री के साथ होगा स्वतः नामांतरण

# जेसीबी लेकर सड़क पर उतरे अफसर अतिक्रमणकारियों को दिया अल्टीमेटम

### आवागमन सुगम बनाने हो रही पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुख्य मार्ग में आए दिन ट्रैफिक जाम के चलते ए हवागमन करने वाले लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका का अमला पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के साथ जेसीबी लेकर निकला। इस दौरान संयुक्त टीम ने सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करके दुकान लगाने वालों को सख्त चेतावनी दी।

मंगलवार को शाम करीब 5 बजे नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, सीएमओ संजय सिंह की उपस्थित में नगर पालिका, प्रशासन एवं पुलिस के संयुक्त अमले के द्वारा पुलिस के जवानों एवं नगर पालिका की जेसीबी मशीन के साथ शास्त्री चौक से स्टेशन चौक तक व्यापारियों को दो दिनों के अंदर नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान तक अतिक्रमण हटाने का अंतिम अल्टीमेटम गया एवं निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर अतिक्रमण को नगर पालिका के जेसीबी के माध्यम से हटाए जाने की हिदायत दी गई। इससे पूर्व मंगलवार 13 मई की दोपहर 12 बजे नगर पालिका के सभा कक्ष में एसडीएम विक्रांत अंचल, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, मुख नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह एवं व्यापारियों की बैठक आयोजित कर नगर की सड़कों में आवागमन को सुगम बनाए जाने, सड़कों से अतिक्रमण हटाए जाने एवं ठेला,पसरा में दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित किये जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शास्त्री चौक से रेस्ट हाउस तक निर्मित फुटपाथ तक स्थान छोड़ा जाएगा। सभी व्यापारीयों में सहमति बनी कि फुटपाथ को खाली रखेंगे। ठेला एवं पसरा द्वारा व्यापार करने वालों को ओवरब्रिज के नीचे स्थान्तरित किया जायेगा। शास्त्री चौक से आजाद चौक तक सभी व्यापारियों को नीचे नाली को छोड कर दुकान लगाएंगे। इसी प्रकार सड़क पर कोई भी व्यापारी अपने दुकान का कचरा नहीं डालेंगे। ओवरब्रिज के उपर कोई भी पार्किंग नहीं की जाएगी। शास्त्रीय चौक से राकेश कुमार सिंह व्यवसायिक परिसर के पास कोई भी आटो खड़ा नहीं करेंगे, रेल्वे स्टेशन से शास्त्रीय चौक और शास्त्रीय चौक से अम्बेडकर चौक तक सड़क के दोनों ओर पिला पट्टी लगाया जाएगा। ओवर ब्रिज के नीचे कोई भी व्यक्तिगत निर्माण सामग्री नहीं रखेगा। बैठक में पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया, सुशील जैन,मनोज गोयल, रजनीश गुप्ता, प्रकाश वाधवा, गौरव अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित थे।


जेसीबी लेकर कार्रवाई करने निकला अमला।





# फिल्म 'कन्नप्पा' का अमेरिका में प्रचार शुरू...

**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू अपनी पौराणिक ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार शुरू हो चुका है। इस फिल्म का प्रचार सबसे पहले अमेरिका से शुरू हुआ। विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को लेकर अमेरिका में प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। विष्णु ने अपनी इस खास फिल्म का प्रचार करने के लिए अमेरिका में चार दिन का दौरा किया। यह दौरा न्यूयॉर्क से शुरू होकर न्यू जर्सी, डलास और सैन फ्रांसिस्को तक गया। हर जगह प्रशंसकों को 7 मिनट की खास वीडियो दिखाई गई।

## लाइफ Style

# नंदिनी

## भारतीय परिधान में मंच पर बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच दुनिया के सबसे शानदार खिताब में एक मिस वर्ल्ड समारोह का आखिरकार रविवार को उद्घाटन हो ही गया। 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का भव्य आगाज हैदराबाद में 11 मई को हुआ। मिस वर्ल्ड 2025 का महाकुंभ शुरू हो चुका है।

इस बार इसकी मेजबानी का जिम्मा भारत के पास है। जिसमें राजस्थान के कोटा की रहने वाली नंदिनी गुप्ता ने मिस वर्ल्ड के मंच पर अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने पहले ही दिन कॉस्ट्यूम राउंड में अपनी छाप छोड़कर सबका दिल जीत लिया। नंदिनी इस प्रतियोगिता में 110 देशों की सुंदरियों को कड़ी टक्कर देने वाली हैं। मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर खुद को पेश करने के बाद नंदिनी ने इस इवेंट की तस्वीरों को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आज रात, मुझे सच में समझ में आया कि 'भारत की बेटी' होने का क्या मतलब है। इस रात को कभी न भूलने वाली बनाने के लिए मिस वर्ल्ड का बहुत-बहुत आभार। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज जीत चुकी नंदिनी नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड के लिए भारत की स्वर्णिम संस्कृति की कहानी बयां करती खूबसूरत पोशाक पहनकर आईं। जैसे ही सुंदरी हाथ में भारतीय ध्वज लेकर मंच पर आईं, हर कोई उन्हें देखता रह गया। उनके लुक को खास बनाने के लिए हर एक तत्व का खास ख्याल रखा गया था, जो भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता था। नंदिनी गुप्ता राजस्थान के कोटा कैथून के भांडाहेड़ा की रहने वाली हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

**लॉस एंजिल्स।** 'एक्वामैन' अभिनेत्री एम्बर हर्ड ने 'मदर्स डे' पर अपने जुड़वा बच्चों के जन्म की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। एम्बर हर्ड ने 11 मई को अपने इंस्टाग्राम दिल छू लेने वाली खबर का खुलासा किया, जहां उन्होंने जहां उन्होंने अपने तीनों बच्चों के पैरों की एक तस्वीर साझा की और कैप्शन में एक भावुक नोट लिखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'मदर्स डे' एक ऐसा दिन होगा जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।



# 'ईकोज ऑफ अस' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यूलिया वंतूर अब हॉलीवुड फिल्म में अपना एक्टिंग डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही जो राजन द्वारा निर्देशित फिल्म 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। यह एक इंग्लिश फिल्म होगी। सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वह जल्द ही 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। ईकोज ऑफ अस' एक अंग्रेजी भाषा की फिल्म होगी, जिसमें यूलिया वंतूर के अलावा पूजा बत्रा, दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसेंड्रा व्हेलन मैरिज नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन करेंगे, जिन्होंने 'लव यू सोनियो' से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, फिल्म की शुटिंग आज से शुरु हो चुकी है।



# टॉम क्रूज के साथ ली मास्टरक्लास...

**मुंबई।** अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। सबसे खास बात यह है कि वह लंदन में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टरक्लास का हिस्सा हैं और इसी पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। वहां पर वह हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टक्लास अटेंड करने के लिए गई हैं। इसी एक्सपीरियंस को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। पहली इंस्टाग्राम स्टोरी में टॉम क्रूज ब्लैक शर्ट-पेंट में हमेशा की तरह हैंडसम दिख रहे हैं। यहां पर सभी टॉम का जोश से स्वागत करते नजर आ रहे हैं और इसकी खुशी टॉम के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। अवनीत ने इस स्टोरी पर टॉम की एक वीडियो क्लिप लगाई है और लिखा - 'फिर से.. टॉम क्रूज.. द औरा.. रिस्पेक्ट और प्यार..'।



# लंदन में हुईं आरआरआर की स्क्रीनिंग...

**मुंबई।** एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर'साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म 'आरआरआर' के एक गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं। आरआरआर नाम के ऑफिशियल एक्स (ट्विटर)अकाउंट ने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल से फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग की तस्वीर साझा की है। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'हिस्ट्री'।

## टीवी मसाला



# टीवी के इन पॉपुलर पांच शोज में आने वाला है लीप

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में आने जा रहे लीप के बारे में हाल ही में पता चला है। खबर है कि शो की कहानी एक झटके में 5 से 7 साल आगे बढ़ जाएगी। लेकिन, यह इकलौता शो नहीं है, जिसमें लीप आने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुल मिलाकर 5 शोज हैं जिनकी कहानी में लीप आने जा रहा है। लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे शो 'भाग्यलक्ष्मी' की कहानी में जेनरेशन लीप आने जा रहा है। यानि इस लीप के बाद जीटीवी के इस सीरियल में पूरी पीढ़ी ही बदल जाएगी। झनक टीआरपी लिस्ट में लंबे वक्त से टॉप 10 में बना हुआ है। दर्शकों की पहली पसंद बने हुए इस शो में लगातार नए उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन, बीते कुछ वक्त से शो में रूखापन आ गया था जिसके बाद मेकर्स ने शो को नई रफ्तार देने के लिए लीप लाने का फैसला किया है। आंचल साहू, अंकुर वर्मा और तन्वी डोगरा स्टारर यह शो परिणीति भी जेनरेशन लीप के लिए तैयार है। मेकर्स नए किरदार और नए कलाकारों के साथ कहानी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस सबके अलावा स्टार प्लस का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, भी अभी तक कई लीप से गुजर चुका है और अब फिर एक बार इस शो में कहानी कई साल आगे बढ़ने वाली है। अनुपमा में भी लीप आने की बात कही गई थी। पिछले दिनों एक प्रोमो वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिखाया गया कि अनुपमा अहमदाबाद छोड़कर चली जाएगी।

## सुनील पाल ने राहुल को दी डॉक्टर से इलाज कराने की सलाह...

**नई दिल्ली।** राहुल कृष्ण वैद्य ने बीते दिन क्रिकेटर विराट कोहली के बारे में कमेंट किया था। भारत के पूर्व कप्तान ने अवनीत कौर की फोटो लाइक की थी और बाद में उसे 'गलती से हुआ', कह दिया था। साथ ही दावा किया था कि सोशल मीडिय के एल्गोरिद्म भी इसके लिए जिम्मेदार है। इस पर राहुल वैद्य ने तंज कसा था। जिसके बाद जमकर उनकी आलोचना हुई थी। अब सुनील पाल ने इस वाकये पर रिएक्ट किया है। कॉमेडियन सुनील पाल, जो कि अक्सर विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने 'इंस्टैंट बॉलीवुड' से बातचीत के दौरान राहुल वैद्य को डॉक्टर से सलाह लेने की नसीहत दी है। जब उनसे पूछा गया कि सिंगर ने विराट कोहली के बारे में जो टिप्पणी की थी, उस पर उनकी क्या राय है, तो कॉमेडियन ने कहा, 'ये राहुल है और वो विराट है। समझे आप।



# 'शूरवीर युद्ध में अपनी वीरता दिखाते हैं, बातें नहीं करते'

**मुंबई।** काफी आलोचनाओं के बाद बिग बी अब भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई परिस्थितियों पर एक्टिव नजर आ रहे हैं। युद्ध विराम के बाद उन्होंने बीती देर रात एक एक्स पर एक और पोस्ट किया। अपने इस पोस्ट में बिग बी ने तुलसीदास जी की रामचरितमानस की एक पंक्ति का जिक्र करते हुए लिखा, 'सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आप।' पंक्ति का अर्थ बताते हुए उन्होंने लिखा, 'पंक्ति का अर्थ है कि शूरवीर अपने पराक्रम को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपनी वीरता का प्रदर्शन करने के लिए बातें नहीं बनाते। यह पंक्ति तुलसीदास जी के रामचरितमानस के लक्ष्मण-परशुराम संवाद से ही ली गई है, कि शूरवीर अपनी वीरता को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपने मुंह से अपनी प्रशंसा नहीं करते। कायर लोग ही युद्ध में शत्रु को सामने देखकर अपनी वीरता की डींगें हांका करते हैं।' अपनी पोस्ट में आगे बिग बी ने अपने पिता कवि हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों का जिक्र किया। साथ ही इस पोस्ट से पहले शेयर की उनकी कविता के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'हाइलाइट की गई लाइन पूरी है। जिसका मतलब है कि युद्ध में वीर बहादुर, अपनी वीरता दिखाते हैं। वे अपनी बहादुरी और वीरता का गुणगान नहीं करते। वो कायर हैं जो दुश्मन को देखकर केवल अपनी बहादुरी का नारा लगाते हैं। शब्दों ने व्यक्त किया है पहले से कहीं अधिक सत्य। एक कवि और उनकी दृष्टि पहले से कहीं अधिक महान।



# हेमा मालिनी से लेकर ऐश्वर्या तक, ये अभिनेत्रियां निभा चुकी हैं नर्स का किरदार, संघर्ष भरी है कहानी

**नई दिल्ली।** नर्स वह लोग होते हैं जो मरीजों की देखभाल करते हैं। किसी मरीज को ठीक करने में जितना हाथ किसी डॉक्टर का होता है, उतना ही हाथ नर्स का भी होता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनीं हैं, जिनमें किसी एक्ट्रेस को नर्स के तौर पर दिखाया गया है।

**ऐश्वर्या राय :** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गुजारिश' (2010) में ऐश्वर्या राय ने एक निर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक मरीज का किरदार निभाया है। ऐश्वर्या राय मरीज ऋतिक से प्यार करती हैं। वह अपनी जिंदगी मरीज की सेवा करने में गुजार देती हैं। फिल्म में मरीज और नर्स के बीच अच्छा रिश्ता दिखाया गया है।



**हेमा मालिनी :** साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' में हेमा मालिनी ने नर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन अमह किरदार में हैं। अमिताभ बच्चन सात भाई होते हैं जो असभ्य होते हैं। नर्स बनी हेमा न सिर्फ मरीजों का इलाज करती हैं, बल्कि लोगों को सभ्यता सिखाने की कोशिश करती हैं।



**वहीदा रहमान :** साल 1970 में फिल्म 'खामोशी' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वहीदा रहमान ने एक नर्स का किरदार निभाया था। फिल्म में राजेश खन्ना अहम किरदार में थे। फिल्म में वहीदा रहमान मानसिक रोगियों का इलाज करती हैं। इस दौरान उन्हें एक मरीज से प्यार हो जाता है। जब वह ठीक होकर चला जाता है तो उनका दिल टूट जाता है। फिल्म में नर्स की नौकरी का संघर्ष दिखाया गया है।



**मुमताज :** साल 1970 में रिलीज हुई फिल्म 'खिलौना' में मुमताज ने एक नर्स का किरदार निभाया था। मुमताज को एक तवायफ, एक ऐसे मरीज की देखभाल के लिए रखती है जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। मुमताज उस मरीज की पत्नी होने का नाटक करती हैं और उसे ठीक करने में मदद करती हैं।



**मीना कुमारी :** फिल्म 'दिल अपना प्रीत पराई' साल 1960 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मीना कुमारी ने नर्स का किरदार निभाया था। यह फिल्म एक डॉक्टर की कहानी है। फिल्म में राज कुमार अपने परिवारिक दोस्त की बेटी से शादी करने वाले होते हैं, लेकिन उन्हें नर्स से प्यार हो जाता है। हालांकि, दोनों इस बात को स्वीकार नहीं करते हैं।



*मुंबई। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने इंडियन क्रिकेटर्स से शादी की, इस लिस्ट में अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस*



*अनुष्का शर्मा की शादी को एक लंबा वक्त हो चुका है। हम आपको यहां बता रहे हैं कि इनकी लव स्टोरी, मैरीड लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में।*

# अनुष्का-विराट कोहली की कब हुई पहली मुलाकात? क्रिकेटर की कौन सी बात ने जीता एक्ट्रेस का दिल

### कब हुई पहली मुलाकात

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और क्रिकेटर्स को अक्सर ही एड फिल्मों में देखा जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक शैंपू का एड विराट और अनुष्का ने किया था। यही इनकी पहली मुलाकात थी, इसके बाद ही डेटिंग शुरू हुई। कुछ साल डेट करने के बाद साल 2017 के दिसंबर माह में अनुष्का और विराट शादी के बंधन में बंध गए। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने बेटी वामिका को जन्म दिया, वहीं 15 फरवरी 2024 में बेटे अकाय को जन्म दिया। इन दिनों अनुष्का फिल्मों से दूर अपने बच्चों की परवरिश में पूरा समय दे रही हैं, विराट भी परिवार के साथ ही अधिक समय गुजारते हैं।

### विराट की जिंदगी में क्या बदलाव आए



सिर्फ अनुष्का शर्मा की ही जिंदगी विराट के कारण नहीं बदली। विराट की जिंदगी में भी कई बदलाव अनुष्का शर्मा के कारण आए। साल 2020 में दिए गए एक इंटरव्यू में विराट ने कहा, 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तब आपको अपने ईगो को छोड़ना होता है। मुश्किल वक्त में डटे रहना पड़ता है, लगातार स्ट्रगल करते रहना पड़ता है, आखिर में आपको कोई रास्ता मिल ही जाता है। मैंने अनुष्का को ऐसा करते देखा और उससे यही बात सीखी भी है।'

### डेटिंग के वक्त विराट की कौन सी बात आई पसंद

विराट कोहली को जब अनुष्का शर्मा डेट कर रही थी तो उस दौरान एक खास बात उन्हें क्रिकेटर की पसंद आई। अनुष्का ने साल 2023 में इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स से जुड़े एक इवेंट में कहा था, 'डेटिंग करने से पहले मुझे विराट की एक बात अच्छी लगी, वो थी इसकी याददाश्त। मुझे लगा ये बात मेरे लिए काफी मददगार होगी।' विराट कोहली की अच्छी याददाश्त के कारण ही अनुष्का उनके करीब आईं।

### वो रिकॉर्ड याद रखेंगे और मैं तुम्हारे आंसू

अभिनेत्री ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा। अभिनेत्री ने लिखा, 'वो रिकॉर्ड याद रखेंगे, लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए। वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने खेल के इस फॉर्मेट को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से ढलते देखना मेरे लिए सौभाग्य रहा है।मैंने हमेशा सोचा था आप सफेद कपड़ों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है, इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मेरे प्यार, आपने इस अलविदा के हर पल को कमाया है।'

## खबर संक्षेप



### राजेश्री महंत का आगमन अग्रवाल परिवार चांपा में

**चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास का एकदिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास के दौरान बरपाली चौक चांपा अग्रवाल परिवार के घर पहुंचकर समाजसेवी स्वर्गीय रोशन लाल अग्रवाल को श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विजय अग्रवाल जगदीश प्रसाद राजकुमार संजय अजय पंकज श्याम अग्रवाल मनोज मित्तल नागेंद्र गुप्ता राजेंद्र देवांगन राम खिलावन यादव मनोहर जेठानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में उनके साथ कमलेश सिंह बाबा सुशांत सिंह हर प्रसाद साहू तथा मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव परिवार के सदस्यों ने गुरु जी को शाल श्रीफल से सम्मान किया एवं चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया और मन में शांति की अनुभूति प्राप्त की।

### स्वामी आत्मानंद की छात्रा ज्योति ने 12वीं ने किया सातवां स्थान

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय



उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम शाला बम्हनीडीह की छात्रा ज्योति साहू सिवनी ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 92.40 प्रतिशत अंक के साथ जांजगीर चंपा जिले मे सातवा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे समाज, शाला व ग्राम सिवनी का नाम रोशन किया है। ज्योति साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने दादा, पिता व चाचा की मेहनत को देखते हुए ठान लिया था कि कुछ बड़ा करना है और उसी लक्ष्य को लेकर निरंतर पढ़ाई की। ज्योति साहू की दादा, पिता व चाचा सभी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं कम संसाधनों के बाद भी ज्योति साहू ने अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास से अपने सपनों को साकार किया। ज्योति साहू की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरा गांव क्षेत्र और समाज भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### सेजेस अकलतरा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया आज

**अकलतरा।** सेजेस अकलतरा में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया 14 मई को संपन्न की जाएगी। शाला में कुल आवेदन 368 प्राप्त हुए हैं जिसमें कक्षा 1ली में 135, 2री में 42, 3री में सीट रिक्त नहीं, 4थी में 31, 5वीं में 26, 6वीं में 30, 7वीं में 30, 8वीं में 16, 9वीं में 36, 10वीं में 06, 11वीं में 14, एवं 12वीं में 02 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं प्रवेश हेतु एंट्रेंस परीक्षा की सूचना आवेदकों को सूचना पटल एवं फोन के माध्यम से पृथक से दी जाएगी। प्रवेश हेतु आवेदन 5 मई तक ऑनलाइन प्राप्त कर पात्र-अपात्र सूची 6 मई को शाला के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी तत्पश्चात 8 मई तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति स्वयं प्रस्तुत होकर किया जा सकता है। प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया 14 मई को प्रातः10 बजे सेजेस अकलतरा में शाला प्रवेश चयन समिति, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अकलतरा, बीईओ, बीआरसीसी, स्टाफ, पालकगण एवं उपस्थित आमजन के बीच निकाली जायेगी। लाटरी के बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया 17 मई तक पूर्ण की जाएगी।

## निधन

### द्वारिका प्रसाद श्रीवास

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बालपुर के प्रतिष्ठित



नागरिक द्वारिका प्रसाद श्रीवास का गुरूवार 8 मई को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# आवेदनों की स्थिति की समीक्षा कर शेष आवेदनों के निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर समाधान शिविर अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान शेष आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।



बैठक में निर्देश देते सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 13 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से समीक्षा किया तथा शेष आवेदनों का जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल जागरूकता अभियान को सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अभियान को सफल बनाने में कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण एवं पंचायत विभाग का अहम योगदान हो सकता है। इसके तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन,जल प्रबंधन के महत्व को समझना जरूरी है। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, सहायक जिला कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों का किया समीक्षा समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा राजस्व अधिकारियों को विभिन्न राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग अंतर्गत अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तोपनो ने तहसीलवार निराकृत प्रकरण, लंबित प्रकरण, समय सीमा की बाहर के प्रकरण, समय सीमा के भीतर के प्रकरण सहित अन्य विभिन्न राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का तेजी से तथा उचित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए है। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## हंडे की लालच में तंत्र मंत्र तीन संदिग्ध पुलिस गिरफ्त में



तंत्र सामग्री को किया जब्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

हंडा पाने की लाचल में तंत्र मंत्र का सहारा लेने के मामले में 3 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से तंत्र मंत्र की सामग्री जब्त की गई है। इस मामले में कुछ लोग अभी भी फरार चल रहे है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर का है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 12 मई की रात 10 बजे ग्राम बसंतपुर में कुछ ग्रामीण नदी की तरफ घूमने गए थे। तभी उन्हें नदी किनारे 9-10 संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों ने उनके पास जाकर पूछताछ करने की कोशिश की। तभी सभी संदिग्ध ईधर उधर भागने लगे। इस दौरान ग्रामीणो ने दौड़ाकर तीन लोगों को पकड़ लिया। बाकी उनके अन्य साथी रात में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। भागे गये संदिग्धों में दो महिलाएं भी शामिल थी। पकड़े गए तंत्र मंत्र से संबंधित सामग्री भी भी बरामद हुए। पकड़े गए संदिग्ध में अर्जुन सतनामी पिता साधूराम सतनामी उम्र लगभग 55 वर्ष ग्राम किकिरदा निवासी एवं उनके अन्य दो साथियों को को ग्रामीणों ने पकड़कर थाना बिर्रा पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणो ने थाना बिर्रा में आवेदन लगाकर पकड़े गए संदिग्धो से उनके साथियों का पता लगाकर उचित कार्यवाही की मांग की है। इधर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की विवेचना में जुट गई है।

## डॉ .महंत ने बहेराडीह में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह में शासन के अलग अलग योजनाओं के तहत निर्मित अनेक भवनों का लोकार्पण सक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने किया।



नेता प्रतिपिक्ष को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण।

इस दौरान गांव के उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव ने देवालय के विस्तार के लिए पांच लाख रुपये की मांग पत्र सौंपा। वहीं ग्रामीणों ने अलग से कई मांगो को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। अंत में कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बहेराडीह गांव का धान खरीदी केंद्र सिवनी से हटाकर कोसमन्दा किया गया। इससे यहां के किसानों को होने वाले परेशानियों को देखते हुए सिवनी में धान खरीदी केंद्र यथावत रखने की मांग विधायक व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के समक्ष रखा। इस मौके पर गुलजार सिंह, बंटी धंजल, राजेश अग्रवाल, राघवेंद्र नामदेव, बलौदा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता राघवेंद्र नामदेव,मदन यादव, रामभरोस यादव, शंकर यादव, सरपंच श्रीमती राजेश्वरी बलराम मरकाम, उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव, पूर्व सरपंच मूरित राम यादव, पूर्व उपसरपंच श्रीमती चंदा सरवन कश्यप, पंच ललित कंवर, ईश्वर प्रसाद यादव, श्याम सिंह कंवर, श्यामलाल यादव, सोहन यादव, रामगोपाल यादव, श्रवण कुमार कश्यप, सक्रिय महिला ललिता यादव, नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन के सचिव पुष्पा यादव, सकून यादव, मितानिन रामबाई यादव समेत ग्रामीण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एसपी ने किया सक्ती थाने का वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा मंगलवार 13 मई को थाना सक्ती का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना में संधारित समस्त दस्तावेज, अभिलेख, रजिस्टर का अवलोकन तथा आर्म्स एम्युनेशन, जप्ती माल के रख-रखाव को चेक किया गया और सही संधारण करने हेतु उचित हिदायत दी गई।



निरीक्षण करने पहुंची एसपी अंकिता शर्मा।

ज्ञात हो कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ बेहतर पुलिसिंग करने एवं पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। महिला संबंधी अपराधों में कमी लाने की दृष्टिकोण से भीड़भाड़ वालों इलाकों में सघन पेट्रोलिंग तथा संपत्ति संबंधित अपराधों की रोकथाम करने एवं रात्रि में सक्रियता के साथ गस्त करने और अधिक से अधिक बरामदगी करने हेतु निर्देशित किया गया। सक्ती पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाकर जुआ सट्टा एवं नशे कारोबारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना में लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत का समयावधि में निराकरण करने और सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगातार चालानी कार्यवाही करने, बीट प्रणाली के आधार पर अपने-अपने बीट ग्राम पर भ्रमण करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए।

## युवक पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शराब के नशे में युवक से मारपीट कर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाने का है।

**खास बातें**

- अकलतरा शहर के मस्जिद रोड की घटना

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह करीब 11:30 बजे दिनेश सिंह उर्फ विक्की एवं एक अन्य व्यक्ति दोनो मोटर सायकल से आये एवं मस्जिद रोड में मस्जिद के मुख्य द्वार के सामने शराब के नशे में दिनेश सिंह के द्वारा मोहम्मद साहिल के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। मोहम्मद साहिल के द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे और हाथ में रखे धारदार चाकू से प्रार्थी मोहम्मद साहिल के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। मोहम्मद साहिल की रिपोर्ट पर आरोपी के दिनेश सिंह उर्फ विक्की विरूद्ध धारा 296,351(2),109 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। जिसके द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपने मेमोरेण्डम कथन मे बताया कि दिनांक घटना को शरबा के नशे मे प्रार्थी का हत्या करने के नियत से चाकू से हमला करना जुर्म स्वीकार किये जाने पर घटना में प्रयुक्त चाकू को पेश करने पर बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 13 मई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, उप निरीक्षक के.के.साहू, आरक्षक शेषनारायण साहू का योगदान रहा।

## गौतम बुद्ध के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर दी पुष्पांजलि

**डोंगाकोहरौद।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम पंचायत भिलौनी के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच एवं प्रमुख जनो के उपस्थित में भगवान गौतम बुद्ध के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



ततपश्चात उनके व्यक्तित्व पर सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोकी कांत, घनश्याम बघेल, माधव प्रसाद दिनकर, जवाहर लाल दिनकर ने अपने विचार प्रगट किये। उपस्थित सभी लोगों ने उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संचालन श्रवण बनर्जी ने किया। इस अवसर पर उप सरपंच चंद्रप्रकाश यादव, तीजराम खरे, सियाराम बघेल, दुजराम खरे, रथराम नारंगे, खम्हन बघेल, नरेंद्र बघेल प्रितम कांत, नथराम कांत, विजय टंडन, गौतम टंडन, जलेश्वर लहरे, मणिशंकर कांत, राजेश्वर लहरे, पुरुषोत्तम साहू, शेखर साहू, हीरामणि बघेल, रामचरण मधुकर, गोपी सोनी, मीतराम खरे, दिलीप बनर्जी, कनक खरे, राजेंद्र बघेल, जवाहर लाल दिनकर माधो प्रसाद, केजु राम सोनी शेखर साहू, गजानंद, भूषण नारंगे, लायन बनर्जी राजेश कुमार मधुकर, मनराखन लाल, योगेंद्र गौरहा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।




